# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा
संख्या-03

पंचम् (बजट) सत्र
मंगलवार, दिनांक-02, मार्च, 2021 ई०।

**समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 04.01 बजे अप० तक।**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

(इस अवसर पर विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्य अपनी विभिन्न माँगों को लेकर पोस्टर के साथ सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे।)

### 1.कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना:-

माननीय सदस्य क्रमशः, श्री भानू प्रताप शाही एवं श्री मनीष जायसवाल द्वारा राज्य मे स्थानीय नीति लागू किये जाने से सम्बन्धित एवं श्री अनन्त कुमार ओझा द्वारा विभिन्न विभागों मे कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मियों के स्थायीकरण किये जाने के सम्बन्ध मे दिये गये कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं से आसन द्वारा सदन को अवगत कराया गया एवं इनके नियमानुकूल नहीं होने के कारण अमान्य किया गया।

### 2.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

**(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-25**

**(क) उत्तरित कुल-03,** अ० सू०-29, श्री सरयू राय, स० वि० स०,
अ० सू०-30, श्री प्रदीप यादव, स० वि० स०,
अ० सू०-31, श्री कमलेश कुमार सिंह, स० वि० स०।

**(ख) अनागत कुल-22** अ० सू०-32 से लेकर अ० सू०-53 तक।

**(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-55**

**(क) उत्तरित मात्र-01,** तारां०-32, श्री समीर कुमार मोहन्ती, स० वि० स०।
**(ख) स्थगित मात्र-01,** तारां०-33, श्री दिनेश विलियम मराण्डी, स० वि० स०।
**(ग) अपृष्ठ कुल-03,** तारां०-29, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, स० वि० स०,
तारां०-30, श्री अनन्त कुमार ओझा, स० वि० स०,
तारां०-31, श्री भानू प्रताप शाही, स० वि० स०।

इस क्रम मे विपक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा नारेबाजी की जाती रही। अतएव अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सदन की कार्यवाही 11.38 बजे पूर्वा० से लेकर 12.00 बजे मध्या० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

(स्थगनोपरांत)

## माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही विपक्ष के माननीय सदस्य अपनी माँगों को लेकर सदन की वेल में आकर लेट गये जिसपर आसन द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गई।

## 3.शून्यकाल:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपने द्वारा दी गयी शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ी-

श्रीमती सीता सोरेन,
श्री उमा शंकर अकेला,
श्री अमित कुमार यादव,

(इस अवसर पर आसन के निदेश से माननीय सदस्य, श्री मनीष जायसवाल ने हजारीबाग में किरोसिन तेल विस्फोट के कारण हुई दर्दनाक मौत के सम्बन्ध में विस्तार से सदन को अवगत कराया जिसे माननीय संसदीय कार्य मंत्री ने संज्ञान में लिया तदुपरांत माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दोषियों के विरुद्ध जाँचोपरांत कार्रवाई किये जाने हेतु सदन को आश्वस्त किया।)

श्री बंधु तिर्की,
श्रीमती अपर्णासेन गुप्ता,
श्री केदार हजरा(पढ़ा हुआ माना गया),
श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी,
श्री इन्द्रजीत महतो(पढ़ा हुआ माना गया),
श्री बिरंची नारायण,
श्रीमती ममता देवी,
श्री लम्बोदर महतो,
श्री मथुरा प्रसाद महतो,
श्री कुशवाहा शशिभूषण मेहता,
श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह,
श्री प्रदीप यादव,
श्री इरफान अंसारी,
श्री रामदास सोरेन,
श्री दीपक बिरूवा,
श्री अनन्त कुमार ओझा,
श्री भूषण तिर्की,
श्री समीर कुमार मोहन्ती,
श्री भूषण बाड़ा एवं
श्री राज सिन्हा(पढ़ा हुआ माना गया)।

(इस क्रम में विपक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा सदन की वेल में नारेबाजी की जाती रही।)

## 4.ध्यानाकर्षण सूचनायें एवं उसपर सरकार का वक्तव्य:-

माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

क्र० पृ० 30 -

## 5.सूचना का दिया जाना:-

आसन की अनुमति से माननीय सदस्य, श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा द्वारा राँची स्थित कांके रोड की महिला के साथ हो रहे दुराचार के सम्बन्ध मे सूचना दी गयी और इनकी शिकायत दर्ज नहीं करनेवाले सम्बन्धित थाना प्रभारी के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई किये जाने हेतु अनुरोध किया गया जिसे माननीय संसदीय कार्य मंत्री ने संज्ञान मे लिया।

## 6.वित्तीय कार्य:-

i- आसन की अनुमति से माननीय प्रभारी मंत्री (वित्त), डॉ॰ रामेश्वर उराँव द्वारा झारखण्ड सरकार का आर्थिक सर्वेक्षण प्रतिवेदन वर्ष-2020-21 की प्रति सभा पटल पर रखी गयी जो सभा द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ,

ii- आसन की अनुमति से माननीय प्रभारी मंत्री (वित्त), डॉ॰ रामेश्वर उराँव द्वारा द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी की अनुदान तथा नियोजन की माँगो की अनुसूची मे सम्मिलित माँग संख्या-04-''मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय प्रभाग)'' सदन पटल पर उपस्थापित की गयी जिसपर माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा ने कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

(इस अवसर पर पूर्व की भाँति विपक्ष के माननीय सदस्य, श्री भानु प्रताप शाही ने नियोजन नीति का विषय की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया। माननीय सदस्य, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह द्वारा सीनेट के सदस्य सम्बन्धी निर्गत कागजात को विरोधस्वरूप फाड़ा गया जिससे भारी शोरगुल होने लगा तत्पश्चात् भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन का परित्याग किया गया।)

## 7.वित्तीय कार्य(क्रमांक-6 से जारी):-

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी पर आसन की अनुमति से माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा ने चर्चा प्रारम्भ की तत्पश्चात् निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी इसमें भाग लिया-

श्री लोबिन हेम्ब्रम,
श्री बंधु तिर्की,
श्री इरफान अंसारी एवं
श्री अमित कुमार यादव।

तदुपरांत सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री (वित्त), डॉ॰ रामेश्वर उराँव द्वारा उत्तर दिया गया तत्पश्चात् अनुदानों की माँग संख्या-4 मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय प्रभाग) सभा द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुई और शेष माँगें भी बारी-बारी से गिलोटिन (मुखबन्द) द्वारा स्वीकृत हुई। माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ।

ह० प्र० ऊ० –

## 8.विधायी कार्य:-

राजकीय(वित्त)विधेयक:-

झारखण्ड विनियोग (संख्या-01) विधेयक, 2021

माननीय प्रभारी मंत्री (योजना सह वित्त), डॉ० रामेश्वर उराँव द्वारा सभा की अनुमति से उपर्युक्त विधेयक को पुर:स्थापित किया गया।

पुर:स्थापनोपरांत माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त विधेयक पर विचार का प्रस्ताव सभा द्वारा स्वीकृत हुआ।

खण्डश: विचार के क्रम मे विधेयक के खण्ड- 02 एवं 03, अनुसूची, खण्ड-01, प्रस्तावना तथा नाम बारी-बारी से सभा की अनुमति से इस विधेयक के अंग बने।

माननीय प्रभारी मंत्री ने उपर्युक्त विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया तत्पश्चात् "झारखण्ड विनियोग (संख्या-01) विधेयक, 2021" सभा द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

इसके बाद सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक-03 मार्च, 2021 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक- 02 मार्च, 2021 ई०।

महेन्द्र प्रसाद
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।